प्रादेशिक समाचार
17.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव और चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। कैबिनेट सचिव, सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को चुनाव घोषणा के 24 घंटे के भीतर हटा लिया जाए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थलों से राजनीतिक विज्ञापनों वाले सभी अनधिकृत पोस्टर, होर्डिंग और बैनर को 48 घंटों में हटा लिया जाए। निजी सम्पत्ति पर प्रदर्शित अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापनों को भी 72 घंटे के भीतर हटाना होगा।

***********************

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने आज हो रही 11वीं जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितता और प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच सीबीआई और ईडी से कराने की मांग की है। इधर, चतरा और जामताड़ा जिले में जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा की पीटी परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों ने आज हंगामा किया। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि चतरा के उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज स्थित केंद्र में परीक्षा से पूर्व क्लास के बजाय प्रिंसिपल के चेंबर में ही प्रश्न पत्र को खोल दिया गया था। हालांकि कॉलेज के प्रधानाध्यापक ने इन आरोपों का खंडन किया है।

***********************

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक वीडियो ट्वीट कर दावा किया है कि जामताड़ा जिले में जेपीएससी परीक्षा केंद्र के बाहर खुलेआम उत्तर पुस्तिका भरवाई जा रही है। इधर, जिले के एसडीएम अनंत कुमार का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और कहीं भी ऐसी बात नहीं है।

***********************

गिरिडीह जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र स्थित माथाडीह गांव में दो चचेरे भाइयों की तालाब में नहाने के दौरान डूब जाने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों भाइयों की उम्र क्रमशः दस और पांच वर्ष थी। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

***********************

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन से आज दो लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर के रहने वाले दोनों आरोपियों के पास से 73 शराब की बोतल बरामद की गई है। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि इस शराब को बिहार में ऊँची कीमत पर बेचा जाना था।

***********************

बोकारो जिले के उपायुक्त विजया जाधव और पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने आज संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जेपीएससी की हो रही परीक्षा का जायजा लिया। अधिकारियों ने बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र, चास शहरी और चास ग्रामीण क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित और अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या की जानकारी ली। इसके अलावा सीसीटीवी कंट्रोल रूप में लगे मॉनिटर से परीक्षा केंद्रों के विभिन्न कमरों में संचालित परीक्षा को भी देखा। इधर, धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने भी परीक्षा को लेकर जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली।

***********************

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद पाकुड़ जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राजमहल संसदीय क्षेत्र के पाकुड़ जिले में महेशपुर, लिट्टीपाड़ा और पाकुड़ के 1014 बूथों पर 80 फीसदी से अधिक मतदाता इस बार के लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा।

***********************

सिमडेगा जिले में पुरूषों के साथ–साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में मांदर और ढोल बजाते दिख रही हैं।

***********************

झारखंड के युवा क्रिकेटर रॉबिन मिन्ज चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। रॉबिन मिन्ज का चयन आईपीएल 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स की टीम में हुआ था।

*********समाप्त********